प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

15 फरवरी 2024

सीमापारीय विप्रेषण हेतु नेपाल के नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस (एनपीआई) के साथ भारत के यूनिफ़ाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के एकीकरण पर भारतीय रिज़र्व बैंक और नेपाल राष्ट्र बैंक के बीच विचारार्थ विषय पर हस्ताक्षर किए गए

भारतीय रिज़र्व बैंक और नेपाल राष्ट्र बैंक ने आज भारत और नेपाल की तेज भुगतान प्रणालियों, अर्थात क्रमशः भारत के यूनिफ़ाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और नेपाल के नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस (एनपीआई) के एकीकरण के लिए विचारार्थ विषय पर हस्ताक्षर किए और इसका आदान-प्रदान किया। इस एकीकरण का उद्देश्य दोनों प्रणालियों के उपयोगकर्ताओं को तत्काल, कम लागत वाले निधि अंतरण में सक्षम बनाकर भारत और नेपाल के बीच सीमापारीय विप्रेषण की सुविधा प्रदान करना है।

2. यूपीआई-एनपीआई संबद्धता के माध्यम से अपनी तेज भुगतान प्रणालियों को जोड़ने में भारत और नेपाल के बीच सहयोग, वित्तीय संयोजकता को और गहन करेगा और दोनों देशों के बीच स्थायी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेगा।

3. भारतीय रिज़र्व बैंक और नेपाल राष्ट्र बैंक के बीच आदान-प्रदान किए गए विचारार्थ विषयों के आधार पर, यूपीआई और एनपीआई की अंतर-संबद्धता के लिए आवश्यक प्रणाली स्थापित की जाएगी। संबद्धता की औपचारिक शुरुआत अर्थात परिचालन की शुरुआत बाद में की जाएगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1882